आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 29.07.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी ने कहा कि अपनी संस्कृति पर गौरव करते हुए ही कोई देश आगे बढ़ सकता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नशामुक्त बनाने में जुटे सभी लोगों से मानस पोर्टल का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है।
- अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा फर्जी डिलिवरी पार्सल घोटाले के सम्बध में जन सलाह जारी की गई है।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद् द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- निशानेबाज मनु भाकर ने महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक दिलाया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अपनी संस्कृति पर ही गौरव करके कोई देश आगे बढ़ सकता है। कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में भी इस तरह के बहुत सारे प्रयास हो रहे है। ऐसे ही एक परियोजना 'परी' की शुरूआत की गई है। इससे न सिर्फ सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता बढ़ती है बल्कि हमारे संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में सहायता मिलती है।

प्रधानमंत्री ने कला और संस्कृति प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे भी पब्लिक आर्ट पर काम करें, ये हमें अपनी जड़ों पर गर्व करने की अनुभूति देता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नशामुक्त बनाने में जुटे सभी लोगों से मानस पोर्टल का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मानस के साथ साझा की गई सारी जानकारियां गोपनीय

रखी जाती है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से जूझ रहे बच्चों के अभिभावकों की सहायता के लिए सरकार ने मानस नामक केन्द्र की स्थापना की है तथा मानस पोर्टल और सहायता नम्बर भी जारी किया है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा फर्जी डिलिवरी पार्सल घोटाले के सम्बध में जन सलाह जारी की गई है। जैसे–जैसे साइबर अपराध बढ़ते जा रहे है। धोखधड़ी के नए नए तरीके विकसित हो रहे हैं। अब साइबर अपराधी फर्जी डिलिवरी पार्सल के माध्यम से कई लोगों को निशाना बनाकर नए तरीके का साइबर अपराध कर रहे है। ये अपराधी डिलिवरी एजेंटों या डिलिवरी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हैं। इस संबंध में अंडमान निकोबार पुलिस ने लोगों की सुरक्षा के लिए किसी भी पार्सल को स्वीकार या रद्द करने से पहले अपने ऑर्डर रिकॉर्ड और डिलिवरी तिथियों की जांच करने, फर्जी पैकेज डिलिवरी के दौरान एस एम एस में प्राप्त किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचने, आवश्यक न होने पर अपनी व्यक्तिगत विवरण न देने, फर्जी एस एम एस या ई मेल के माध्यम से अप्रत्याक्षित डिलिवरी की किसी भी लिंक पर क्लिक करने या नम्बर पर वापस कॉल करने से बचने की सलाह दी है। साइबर अपराध से जुड़ी सहायता या जानकारी के लिए साइबर अपराध पुलिस थाने द्वारा दिए गए नम्बर पर सम्पर्क करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से पन्द्रह अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को **hargarhtiranga.com** पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले **MyGov** या **NaMo** ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

**<><><><><><><>**

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद् द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान के तहत 'सफाई अपनाओं बीमारी भगाओं' के अंतर्गत सभी वार्डों में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शहरी स्वच्छता को बढ़ाना और शहर की सुंदरता को बनाए रखना था। नरगपालिका परिषद् के स्वच्छता कर्मचारियों ने इस अभियान में शामिल होकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। शहर का हर क्षेत्र सड़को, सार्वजनिक स्थानों और नालों की सफाई की गई और सभी स्वच्छता मानकों को पूरा किया गया। इस स्वच्छता अभियान में दो हजार नौ सौ किलोग्राम से अधिक कचरे को इकट्ठा कर इसके निपटान के लिए भेज दिया गया। नगरपालिका परिषद् के सचिव अमित काले ने जनता से खुले में कचरा न फेंकने, गीले और सूखे कचरे के उचित निपटान के लिए अलग किए गए कचरे को स्वच्छता कर्मचारियों को सौंपने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

देश मे बहादुर बच्चों को सम्मानित करने के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की स्थापना की गई है। पुरस्कार पाने वालों के नाम छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर घोषित किया जाएगा। पुरस्कार की अधिकतम संख्या पच्चीस है। राष्ट्रीय चयन समिति की ओर से इसकी संख्या में वृद्धि भी की जा सकती है। पुरस्कार के तहत पदक, प्रमाणपत्र और एक लाख रूपए के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। भारत में रहने वाले अटठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पेरिस ओलंपिक में भारत को पहला पदक मनु भाकर ने दिलाया है। कल खेलों के दूसरे दिन दस मीटर एयर पिस्टल इवेंट में उन्होंने दो सौ इक्कीस दशमलव सात अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। मनु भाकर निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाडी हैं। निशानेबाजी में भारत को बारह साल बाद पदक मिला है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न आयु वर्ग के लड़के

और लड़कियों के लिए ये टूर्नामेंट जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान और भातुबस्ती स्कूल मैदान में आयोजित हो रही है ।

<><><><><><><>

एनकॉल में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए कल से पांच अगस्त के बीच परामर्श रखा गया है। परामर्श के दौरान उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेज और इसकी प्रतिलिपि साथ रखने को कहा गया है।

<><><><><><><>

<><><><><><><>